हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

22 नवंबर 2024, समय 1810

- हरियाणा में अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव का आयोजन 28 नवंबर से 15 दिसम्बर तक होगा। इस बार गीता महोत्सव में तंजानिया भागीदार देश और ओडिशा भागीदार राज्य के तौर पर शामिल होगा।
- भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ोली ने कहा है कि कल और परसों हरियाणा के 316 मण्डलों पर कार्यकर्ता लोगों को बीजेपी की नीतियों से अवगत करवाएंगे।
- कुरुक्षेत्र के मल्टी आर्ट संस्कृतिक केंद्र में चल रहा जिला स्तरीय युवा महोत्सव सम्पन्न हुआ, मुख्यमंत्री ने कहा कि देश के विकास में युवाओं को महत्वपूर्ण भूमिका निभानी होगी।
- 14वां चंडीगढ़ राष्ट्रीय शिल्प मेला 29 नवंबर से 8 दिसंबर तक कलाग्राम में आयोजित किया जाएगा।

*****************************************************

हरियाणा में श्रीमद्‌भगवद्‌गीता' की जन्मस्थली धर्मक्षेत्र-कुरुक्षेत्र की पावन भूमि पर अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव का आयोजन इस बार 28 नवंबर से 15 दिसम्बर तक किया जाएगा। मेले में इस बार संयुक्त राज्य गणराज्य तंजानिया भागीदार देश और ओडिशा भागीदार राज्य होगा।

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने  आज चंडीगढ़ में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए यह जानकारी दी। प्रेस वार्ता में उनके साथ गीता मनीषी श्रद्धेय ज्ञानानंद जी महाराज, ओडिशा के राज्यमंत्री सूर्यवंशी सूरज और यूनाइटेड रिपब्लिक ऑफ़ तंजानिया की हाई कमिश्नर अनीसा कपुफी मबेगा भी मौजूद रही।

अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव के मुख्य कार्यक्रम 5 दिसंबर से 11 दिसंबर तक चलेंगे, जिसकी शुरुआत 5 दिसंबर को ब्रह्मसरोवर के पुरुषोत्तमपुरा बाग में गीता यज्ञ एवं पूजन के साथ होगी।

9 दिसम्बर को पुरषोतमपुर बाग में विशाल संत सम्मेलन होगा। 10 दिसंबर को ब्रह्म सरोवर के पुरुषोत्तमपुरा बाग में अखिल भारतीय देवस्थानम सम्मेलन भी आयोजित किया जाएगा। इसी तरह से गीता जयंती के दिन 11 दिसंबर को ज्योतिसर तीर्थ पर गीता यज्ञ एवं भागवत कथा का आयोजन होगा।

*********************************************************

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ोली ने कहा है कि पार्टी के सदस्यता अभियान ने अब तक लगभग 12 लाख का आंकड़ा छू भी लिया है। अब कल और परसों दो दिनों में विशेष तीव्र अभियान चलाकर 20 लाख लोगों को पार्टी से जोड़ेगी। इन दो दिनों तक चलने वाले अभियान पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की कड़ी नजर रहेगी। मुख्यमंत्री और प्रदेश अध्यक्ष समेत तमाम बड़े नेता पर्यवेक्षक के रूप में हर जिले में मौजूद रहेंगे। प्रदेश अध्यक्ष का दावा है कि हम जल्द ही 50 लाख का आंकड़ा पार करेंगे।कॉंग्रेस द्वारा ई वी एम मशीन संबंधी

लगाए जा रहे आरोपों पर बी जे पी प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने कहा --

उन्होंने बताया कि 23 और 24 नवंबर को प्रदेश के 316 मंडलों पर कार्यकर्ताओं के साथ चाय के कार्यक्रम होंगे। पार्टी का एक-एक कार्यकर्ता 10-10 घरों में जाकर लोगों को पार्टी की नीतियां से अवगत कराएगा।

*******************************************************

आज कुरुक्षेत्र के मल्टी आर्ट संस्कृतिक केंद्र में जिला स्तरीय युवा उत्सव के सम्पन्न ह्आ। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने समापन समारोह पर मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की।

*******************************************************

हरियाणा युवा मामले एवं कौशल विभाग और नेहरू युवा केन्द्र के संयुक्त तत्वावधान में चल रहे दो दिवसीय जिला स्तरीय युवा महोत्सव - 2024 का आज समापन हो गया। पंडित चिरंजीलाल शर्मा राजकीय महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रमों के दौरान प्रतिभागियों ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। दूसरे दिन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष उमेश चानना रहे। मुख्य अतिथि ने समापन समारोह में प्रतिभागियों का उत्साह वर्धन किया और विजेताओं को सम्मानित किया।

*******************************************************

भारत की संस्कृति के विभिन्न रंगों से रंगा 14वां चंडीगढ़ राष्ट्रीय शिल्प मेला 29 नवंबर से 8 दिसंबर तक कलाग्राम में आयोजित किया जाएगा। इस वर्ष के शिल्प मेले का थीम “भारत के रंग” रखा गया है।

बंगाल के कारीगर इसी थीम पर मेले की साज सज्जा की सामग्री तैयार कर रहे हैं ।

उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र और चंडीगढ़ कला एवं संस्कृति विभाग के संयुक्त तत्वाधान में होने वाले इस मेले में इस बार पंजाबी के नामचीन गायकों के साथ साथ कश्मीरी, डोगरी, हिमाचली और उत्तराखंड के मशहूर गायक भी अपनी प्रस्तुति देंगे । मेले में 24 राज्यों से  हस्तशिल्पी आएंगे जो अपने उत्पादों  का प्रदर्शन और बिक्री करेंगे। मेले में  राष्ट्रीय पुरुस्कार और  कबीर पुरुस्कार पाने वाले कारीगरॉन से मुलाकात का अवसर भी मिलेगा मेला प्रतिदिन सुबह 11 बजे शुरू  होगा और खरीददारी के ईलावा रात 9.30 बजे तक  कार्यक्रमों का सिलसिला चलेगा।  प्रातः कालीन सत्र में स्कूली बच्चों के लिए कार्यक्रम होंगे तथा अलग अलग राज्य से आए लोक कलाकारों की प्रस्तुतियां भी होंगी । बच्चों की  प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताएं  भी करवाई जाएंगी । मेले में  लोग अलग-अलग राज्यों की विरासती कला के साथ उनके स्वादिष्ट व्यंजनों का भी आनंद ले पाएंगे।

अश्विनी कुमार शर्मा, आकाशवाणी  समाचार,चंडीगढ़

मेले में इस बार शिल्पकारों के लिए 20 विशेष स्टाल बनाए जा रहे हैं जिन्हें हेरिटेज लुक में सजाया जाएगा ।

*****************************************************

हरियाणा में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने तथा आमजन में लेन ड्राइविंग नियमों के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से 24 नवंबर तक विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर ने बताया कि बताया कि हरियाणा पुलिस द्वारा चलाए जा रहे इस अभियान के दौरान लोगों को गाड़ी सही लेन में चलाने संबंधी जानकारी दी जा रही है। क्योंकि प्रदेश में सड़क दुर्घटनाओं का एक मुख्य कारण लेन ड्राइविंग की उल्लंघना भी है।

श्री कपूर ने बताया कि उल्लंघना करने वाले चालकों के नियमित चालान भी किए जा रहे हैं।
उन्होंने कहा कि पानीपत, डबवाली, झज्जर, रेवाड़ी तथा पलवल जिले में कल तथा गुरूग्राम, सोनीपत, हांसी तथा फतेहाबाद में परसों यह विशेष अभियान चलाया जाएगा।

सड़क सुरक्षा संबंधी आंकड़े सांझा करते हुए उन्होंने बताया कि इस वर्ष जनवरी से लेकर अक्तूबर तक यातायात नियमों की उल्लंघना करने वाले 18 लाख 21 हजार 318 वाहन चालकों के चालान किए गए हैं। इसी प्रकार, हरियाणा पुलिस द्वारा लोगों को यातायात नियमों के बारे में जागरूक करने के उद्देश्य से इस वर्ष 1883 जागरूकता अभियान चलाए गए हैं।

उन्होंने कहा कि हरियाणा पुलिस द्वारा किए जा रहे प्रयासों के परिणामस्वरूप प्रदेश में पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष जनवरी से

लेकर अक्तूबर तक 662 सड़क दुर्घटनाएं कम हुई हैं तथा दुर्घटना में होने वाली मृत्यु में भी 278 की कमी आई है।

********************************************************

पलवल में मुख्य मार्ग पर अवैध कब्जे हटाए गए हैं ।पुलिस ने करीब 50 से ज्यादा वाहनों के चालान भी किए हैं । पुलिस अधिकारियों ने बताया कि अतिक्रमण करने वाले वाहनों और □ाबों पर कार्रवाई की गई है। करमन सीमा पर अवैध □ाबों को भी गिराया गया है। शहर के बस स्टैंड चौक, किठवाड़ी चौक, रसूलपुर चौक और आगरा चौक पर अवैध पार्किंग करने और गलत दिशा में आने वाले वाहनों के चालान काटे गए। रेहड़ी पटरी वालों को भी सड़क पर अतिक्रमण न करने की चेतावनी दी गई है।